कार्यालय वन मण्डल अधिकारी, महेन्द्रगढ़ वन मण्डल,
फोरेस्ट कॉम्प्लेक्स, महेन्द्रगढ़ ।

दूरभाष / फैक्सः +91 1285 220229, ई–मेलः dfomgarh@yahoo.co.in

दिनांकः 05-06-17

क्रमांक : D-348/461

सेवा में :

मैसर्ज रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड,
सी–135, औधोगिक एरिया, फेज–VII,
मोहाली पंजाब ।

विषय : वन मण्डल एवं जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा में बाघोत गांव की सीमा से सतनाली तक वाया सेहलंग, पोता, नौताना, स्याना, आकोदा, खुडाना गढ़ी नजदीक रेलवे अण्डरपास सतनाली तक सड़क के साथ–साथ रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड द्वारा ओ.एफ.सी. डालने हेतु वन भूमि का उपयोग ।

सन्दर्भ : इस कार्यालय का पत्रांक 135 दिनांक 18.04.2017 तथा पत्रांक 310 दिनांक 17.5.2017 ।

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में सन्दर्भाकित पत्र द्वारा लिखा गया कि वन राजिक अधिकारी, महेन्द्रगढ़ के साथ संयुक्त निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट इस कार्यालय में भिजवाएं परन्तु आप द्वारा एक माह व्यतीत होने उपरान्त भी निरीक्षण रिपोर्ट तथा प्रस्ताव में लम्बित दस्तावेज इस कार्यालय में नहीं भिजवाएं गए । अतः आपको पुनः लिखा जाता है कि विषयांकित स्थल का वन राजिक अधिकारी, महेन्द्रगढ़ के साथ मौका निरीक्षण करवाएं । इसके अतिरिक्त पी.डब्ल्यू.डी. विभाग का अनापत्ति प्रमाण–पत्र, डी.जी.पी.एस. मैप, एफ.आर.ए सर्टिफिकेट शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय में भिजवाएं अन्यथा इसमें किसी भी प्रकार की देरी के आप स्वय जिम्मेवार होंगे ।

वन मण्डल अधिकारी,
महेन्द्रगढ़ ।

पृष्ठांकन क्रमांक : दिनांक :

एक प्रति निम्न को :–

1. वन संरक्षक, दक्षिणी परिमण्डल, गुरूग्राम ।
2. वन राजिक अधिकारी, महेन्द्रगढ़ को इस कार्यालय के पत्रांक 311 दिनांक 17.5.2017 के निरन्तर में भेजकर लिखा जाता है कि प्रयोक्ता एजेंसी के साथ मौका निरीक्षण करके सूचना शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर तैयार करके भिजवाएं ।

Sd/-
वन मण्डल अधिकारी,
महेन्द्रगढ़ ।